हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 27 जून 2025


तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 22.1 डिग्री


13 अग्रवाल ने लगवाया ब्लड शुगर व बीपी टेस्ट कैंप



14 युवा शक्ति ठान ले तो हर बुराई को जड़ से किया जा...




### हकृवि में छात्र आंदोलन 17वें दिन भी जारी

# एचएयू के चारों गेट रोकने का कार्यक्रम स्थगित छात्रों का सरकार को एक जुलाई तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहा छात्र आंदोलन गुरुवार को 17वें दिन भी जारी रहा। छात्रों ने 27 जून को विश्वविद्यालय के चारों गेटों को बंद करने के आह्वान का फिलहाल स्थगित करते हुए सरकार को मांगे पूरी करने के लिए अल्टीमेटम में अवधि अब 1 जुलाई तक कर दी है। आंदोलनकारी छात्रों ने कहा कि उनका संयम अब अंतिम चरण में है यदि सरकार ने 1 जुलाई तक सभी मांगों पर स्पष्ट और आधिकारिक कार्रवाई नहीं की, तो 2 जुलाई से प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्र और विश्वविद्यालय पूरी तरह ठप कर दिए जाएंगे।

- **चेतावनी** : अगर किसी छात्रा से जबरन खाली कराया हॉस्टल तो नहीं करेंगे 2 जुलाई का इंतजार

छात्रों ने कहा कि प्रशासनिक टालमटोल, अधूरी घोषणाएं और छात्र कल्याण की उपेक्षा के बावजूद छात्र अब भी सरकार पर विश्वास बनाए हुए हैं। छात्रों ने साथ ही चेतावनी दी कि अगर छात्रा से जबरन हॉस्टल खाली कराया गया तो वे 2 जुलाई का इंतजार नहीं करेंगे।

### सरकार नहीं मानी तो अब 2 जुलाई को एचएयू के चारों गेट करेंगे बंद



हिसार। छात्र आंदोलन के समर्थन में धरने पर बैठे विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

### प्रशासन पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

धरने को संबोधित करते हुए छात्रों ने कहा कि अब तक प्रशासन की ओर से केवल छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है, लेकिन बाकी आदेश अब तक जारी नहीं हुआ। यह छात्रों के साथ विश्वासघात है, क्योंकि पिछली बैठकों और समझौतों में साफ तौर पर कहा गया था कि सभी आदेश जल्द से जल्द सार्वजनिक किए जाएंगे। केवल एक आदेश देकर बाकी सभी मांगों को नजरअंदाज करना प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े करता है।

### धरने पर बैठी छात्राएं विवि प्रशासन पर जमकर बरसी

धरने पर बैठी छात्राओं ने विवि प्रशासन ने तंग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन ने तो छात्रों को हॉस्टल खाली करने का फरमान जारी कर दिया है। मेस बंद कर दी गई है, जिससे भोजन सुविधा पूरी तरह से खत्म कर दी गई है। यह जानबूझकर छात्रों पर मानसिक दबाव बनाने और आंदोलन को कुचलने की साजिश प्रतीत होती है। छात्राओं ने बताया कि बुधवार को हॉस्टल वार्डन ने ग्रुप में मैसेज किया कि सारी यूजी सेकंड ईयर व थर्ड ईयर और पीएचडी स्कॉलर जिनकी रिसर्च नहीं या और कुछ नहीं हैं, वे सामान के साथ हॉस्टल चले जाएं। अब वे हॉस्टल में नहीं रहे सकते, क्योंकि उनका सेमेस्टर खत्म हो चुका है। इस पर छात्राओं ने कहा कि जब हमारा एग्जाम नहीं हुआ तो सेमेस्टर कैसे खत्म हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2-3 दिन से हॉस्टलों में पानी भी नहीं आ रहा। ऐसा करके छात्राओं को परेशान किया जा रहा है।

### सीएम फ्लाइंग टीम ने मारा छापा

## बरवाला में बिना लाइसेंस के 640 किलोग्राम केमिकल बरामद



बरवाला। बंद पड़ी फैक्ट्री में कार्रवाई करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

सीएम फ्लाइंग की टीम ने गुरुवार को मॉडल टाउन कॉलोनी में स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में टीम ने करीब 640 किलोग्राम केमिकल बरामद किया, जिसे बिना वैध लाइसेंस के वहां स्टोर किया गया था। मामले में आरएस हेल्थकेयर के विनय कुमार के खिलाफ बरवाला पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस छापेमारी का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ बीडीपीओ राहुल श्योकंद, पशुपालन विभाग के डॉ. राजेश कुमार और बरवाला पुलिस टीम मौजूद रही। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि मॉडल टाउन कॉलोनी के वार्ड नंबर 12 में आरएस हेल्थकेयर नाम से एक फैक्ट्री में अवैध रूप से केमिकल स्टोर किया गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचने पर मकान बंद मिला, जिसके बाद मकान मालिक विनय कुमार और पार्षद को बुलाया गया। ताला खोलने के बाद टीम ने फैक्ट्री की गहन तलाशी ली, जहां से 6 छोटे-बड़े ड्रमों में करीब 640 किलोग्राम केमिकल बरामद हुआ। पूछताछ में विनय कुमार ने बताया कि उन्होंने फैक्ट्री लगभग छह महीने पहले बंद कर दी थी। जब सीएम फ्लाइंग टीम ने लाइसेंस की मांग की, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में सामने आया कि आरएस हेल्थकेयर को 2022 तक पशुपालन विभाग से लाइसेंस मिला था, लेकिन उसके बाद न तो उसका नवीनीकरण हुआ और ना ही नई अनुमति ली गई। छापेमारी की सूचना मिलते ही बरवाला थाना प्रभारी दलबीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर राजेश कुमार की शिकायत पर बरवाला निवासी विनय कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

- फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज
- 2022 के बाद नवीनीकरण नहीं कराया गया था लाइसेंस

## खबर संक्षेप



हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती निगम टीम।

### 36 बेसहारा पशुओं को गो-अभ्यारण भेजा

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा कैंट के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान 2 दिन में टीम ने 36 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### जन परिवाद समिति की बैठक स्थगित

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की 27 जून को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित कर दी गई है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक के आयोजन की संशोधित तिथि जल्द ही निर्धारित की जाएगी।

### 29 को कैबिनेट मंत्री गंगवा का हिसार दौरा

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा आगामी 29 जून को हिसार के दौरे पर रहेंगे। उनके निजी सचिव अरुण कुमार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा 29 जून को प्रातः 10 बजे राजगढ़ रोड स्थित संत कबीर छात्रावास में आयोजित संत कबीर साहेब के 627वें प्रकाशोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे और कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### सभा की जनरल बॉडी की बैठक 29 को

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की जनरल बॉडी की बैठक 29 जून को प्रातः 11 बजे सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ की अध्यक्षता में राजगुरु मार्किट स्थित पंजाबी धर्मशाला में होगी। यह जानकारी देते हुए रामलीला सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा व कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग ने बताया कि बैठक में रामलीला सभा का चुनाव करवाने, दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाने तथा कुछ अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त रोकने को चला पुलिस का अभियान

**हांसी।** पुलिस जिला हांसी गुरुवार को अपने-अपने क्षेत्र में चोरी के सामान की खरीद फरोख्त पर रोक लगाने के उद्देश्य के साथ कबाड़ियों की दुकानें पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र में स्थित कबाड़ की दुकानों पर गहनता से निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कबाड़ की खरीद फरोख्त करने वाले व्यापारियों को किसी भी हालात में चोरी का सामान नहीं खरीदने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने सभी को अपनी दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए और जिन दुकानों पर पहले से सीसीटीवी कैमरे लगे थे उनकी जांच कि गई जो सही स्थिति में पाए गए। पुलिस अधिकारियों ने कबाड़ व्यापारियों को निर्देश दिए गए कि जो भी व्यक्ति कबाड़ का सामान बेचने आए तो उसकी पहचान व मोबाइल नंबर तथा उसके द्वारा बेचे गए सामान का रिकॉर्ड अवश्य दर्ज करें।



हांसी। कबाड़ की दुकान पर जांच करते अधिकारी

### माता परमेश्वरी देवी जी को सजग ने श्रद्धांजलि दी

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग एवं इसकी सभी घटक संस्थाओं की ओर से प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, पदाधिकारी विनोद बंसल व पवन कुमार ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के रोहतक निवास पर पहुंचकर उनकी पूज्य माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य के साथ व उनके पश्चात परिवार की गरिमामयी जिम्मेदारियों को श्रेष्ठता से निभाया। उनका जीवन संस्कार, सेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि सिंधु परिवार की वर्तमान पीढ़ी में माता जी के दिए संस्कार स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होते हैं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए भी एक बहुत बड़ी क्षति है, वहीं समाज के लिए यह एक गंभीर अपूरणीय क्षति है।



### नारनौंद में बुलेट का 10 हजार का काटा चालान, जब्त

**नारनौंद।** ट्रैफिक पुलिस नारनौंद ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्ती दिखाते हुए एक बुलेट चालाक का 10 हजार रुपये का चालान कर बुलेट बाइक को जब्त किया। ट्रैफिक एसएचओ सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान नारनौंद एरिया में एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को कागजात जांच के लिए रोक गया। जांच के दौरान पाया गया कि उसकी बाइक से पटाखा की आवाज निकल रही थी। ट्रैफिक पुलिस ने इस उल्लंघन के आधार पर बाइक का कुल 10 हजार रुपये का चालान कर जब्त किया।

## पांच लाख की रिश्वत के केस में पूर्व सीएमओ के खिलाफ एसीबी ने पेश किया चालान

- इस समय जिला जेल में बंद है आरोपी चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रूण हत्या का केस दर्ज न करने की एवज में पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने वाले तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार के खिलाफ अदालत में चालान पेश कर दिया है। यह चालान धारा 7 पीसी एक्ट व भारतीय दंड संहिता की धारा 201 के तहत पेश किया गया है।

इस समय आरोपी डॉ. नरेश कुमार जिला जेल में बंद है।मामले के अनुसार इस संबंध में आरोपी डॉ. नरेश कुमार पर पांच लाख रुपये पर पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने बताया कि तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार उसके विरूद्ध भ्रूण हत्या का मुकदमा दर्ज न करवाने की एवज में उससे पांच लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोपी डॉक्टर नरेश कुमार द्वारा उससे मांगी गई रिश्वत के संबंध में रिकार्डिंग की गई थी। रिकार्डिंग के आधार पर एसीबी हिसार ने डॉ. नरेश कुमार के खिलाफ 12 अगस्त 2023 को उक्त धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने अदालत में चालान पेश किया है।

### हकृवि में प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी

# 17 केंद्रों पर 9094 विद्यार्थी कल देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज के लिए 28 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 9094 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने एवं अन्य समुचित प्रबंध करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन।

### 9 बजे केंद्रों पर पहुंचे

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। परीक्षा केन्द्र में फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व (9 बजे तक) परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।




अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स



### स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



### पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वाइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

### ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *





### स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *


### फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाट परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *




### रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *



### कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं


बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें:** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक:** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-159

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अकसर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी

सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता

सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



भव्या, बिलासपुर



तन्वी, रोहतक



वेदिका, बालोद



रेयांश, बिलासपुर




समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



खबर संक्षेप

### सतीश भुटानी बने हिसार के नगर संयोजक

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच हिसार जिले की टीम का विस्तार किया गया है। जिले के संयोजक डॉ. राकेश चराया के मार्गदर्शन में हिसार नगर, खंडों व शिक्षण संस्थानों के प्रमुख तय किए गए। स्वदेशी जागरण मंच के हिसार नगर का संयोजक सतीश भुटानी व सह संयोजक नरेश राजली को नियुक्त किया गया है। दीपक शर्मा को विचार विभाग प्रमुख, डॉ. सिद्धार्थ को सह प्रमुख, प्रचार प्रमुख अतुल चोपड़ा, सह प्रचार प्रमुख रोनित कुमार एवं वरिष्ठ नागरिक आयाम प्रमुख विजय नागपाल व सह प्रमुख का दायित्व सुमन बामल को सौंपा गया है। अजय गर्ग को पर्यावरण प्रमुख, अतुल पराशर को संघर्ष वाहिनी प्रमुख, सह पर्यावरण प्रमुख अशोक शर्मा, संपर्क प्रमुख विनोद कंसल, युवा प्रमुख प्रीतम सातरोड़, सह युवा प्रमुख प्रतिज्ञा, महिला प्रमुख सोनू गोयल व सह प्रमुख दीपाली को बनाया गया है।

### छठी में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक करें आवेदन

**हिसार।** उपायुक्त एवं चेयरमैन जवाहर नवोदय विद्यालय पाबड़ा अनीश यादव ने बताया कि विद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छठी में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:30 बजे आयोजित होगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पूर्णतया आवासीय विद्यालय है।

### आर्य समाज मंदिर में शिविर आज से

**हांसी।** आर्य समाज मंदिर में त्रिदिवसीय निशुल्क योग साधना एवं रोग निवारण शिविर का आयोजन 27 से 29 जून तक किया जाएगा। समाज के प्रधान सतपाल आर्य देपल ने बताया कि शिविर में विश्व विख्यात योगाचार्य स्वामी जोगिंद्र अपनी टीम के साथ इस शिविर को संचालित करेंगे। समाज के संरक्षक मिथुन बंसल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ रही बीमारियों को देखते हुए समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। संस्था के कोषाध्यक्ष ईश्वर शास्त्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अधिष्ठाता फतेह सिंह गुर्जर ने जानकारी दी।

## आबकारी नीति के तहत डीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# आबकारी नीति के अनुसार ही चले ठेके नियमों का पालन करें ठेकेदार: अनीश

डीसी ने लाईसेंस धारकों को पूर्ण सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- ठेकों के बाहर सार्वजनिक रूप से शराब का सेवन रोकने के लिए भी ठेकेदारों को हिदायत



**हिसार।** बैठक के दौरान उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव, हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन तथा हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में वीरवार को आबकारी नीति के सभी हितधारकों/ लाइसेंस धारक/ थोक विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी ठेकेदारों को पूर्ण प्रशासनिक सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन कानून का पालन करने वाले बोलीदाताओं के साथ मजबूती से खड़ा है तथा किसी को वैध सरकारी प्रक्रिया में भाग लेने से डरने या हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन और हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सभी लाइसेंस धारकों को आबकारी नीति के अनुरूप ठेके चलाने का आह्वान किया। आबकारी विभाग के आदेश में शराब की दुकानों के बाहर शराब पीने पर रोक लगाई गई है। शराब के ठेकों के बाहर सार्वजनिक रूप से शराब का सेवन रोकने के लिए भी ठेकेदारों को हिदायत दी गई ।

### ठेकों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं

पुलिस अधीक्षक ने सभी ठेकेदारों से आग्रह किया कि यदि उन्हें कोई अवैध गतिविधी की जानकारी या धमकी मिले तो वे संबंधित थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी ठेकों पर अंदर-बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। ठेकेदारों की आर्म लाइसेंस की मांग को लेकर उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि सरकार की नीति के तहत उनके आवेदन को निपटाया जाएगा।

मीटिंग में अवैध खुर्दों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही का भी भरोसा दिया गया। बैठक में उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त अजय सिहाग भी मौजूद रहे।



**हिसार।** शिविर में जांच करवाने पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

## अग्रवाल ने लगवाया ब्लड शुगर व बीपी टेस्ट कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहरी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं समाजसेविका मनु अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ मिलकर शांति नगर पार्क में फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया।शिविर में जिसमें ब्लड शुगर टेस्ट शुगर व बीपी टेस्ट किया गया ।इसमें 97 लोगों का टेस्ट किया गया । समाजसेविका एवं धर्म कर्म सेवा समिति फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष मनु अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था ने पहले भी कई फ्री मेडिकल चेकअप कैंप लगाए हैं, जिनका लाभ जरूरतमंदों ने उठाया। इस मौके पर उनकी टीम के सदस्य अमित पाहवा, महेंद्र, अमित धमिजा, सुमन, अमित नागपाल, आशु नागपाल आदि मौजूद थे।

### एनएसयूआई ने लगाया हेल्प डेस्क

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में गुरुवार से दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आरम्भ शुरू हो चुकी है। एनएसयूआई संगठन के द्वारा छात्रों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की हुई है। एनएसयूआई अध्यक्ष विकास बनभौरी का कहना है कि हमारा संगठन हर साल नए स्तर से आने वाले बच्चों के लिए हेल्प डेस्क का लगती है। छात्रों की परीक्षा में और काउंसलिंग में भी हेल्प करती है। संगठन की टीम छात्रों के सामने आने वाली दस्तावेज में आने वाली दिक्कत और परेशानियों का हल करने के लिए छात्रों के साथ खड़ी है। इस मौके पर चेयरमैन भागी राणा, अंकित सुलखनी, अजय बॉक्सर, प्रमोद सिसाय, राहुल नैन, ललित सोढ़ी, नितिन सोनी, परविन्द्र, रोहित बिल्ला, आशु खानक आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** हुडा पार्क में आयोजित योग शिविर में उपस्थित शहरवासी।

## योग हमें जरूर और नियमित रूप से करना चाहिए : जगदीश जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय सेवा संघ हिसार शाखा के तत्वावधान में अर्बन एस्टेट स्थित हुडा पार्क में तीन दिवसीय योग शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी जगदीश जिंदल उपस्थित हुए जिन्होंने दीप प्रज्जवलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में पतंजलि योग समिति हिसार के सह संयोजक संजीव शर्मा ने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। मुख्य अतिथि जगदीश जिंदल ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे उत्तम एवं सरल उपाय योग है। उन्होंने कहा कि सभी को योग जरूर और नियम पूर्वक करना चाहिए। संगठन की ओर से मुख्य अतिथि जगदीश जिंदल को स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, अध्यक्ष विनोद गोयल, सचिव संजीव राजपाल, संरक्षक संजय सेहरा,राजीव राजपाल, राजेंद्र अग्रवाल, संदीप भाटिया, गौरव भाटिया, गुलशन कथूरिया, विनोद धवन, प्रदीप कटारिया आदि उपस्थित रहे।

## पांच गांवों का मालिकाना हक दिलवाने के लिए विधायक चंद्रप्रकाश को सौंपा ज्ञापन

- मालिकाना हक दिलवाने के लिए बुलंद की जाएगी आवाज : विधायक चंद्रप्रकाश



**हिसार।** विधायक चंद्रप्रकाश को ज्ञापन सौंपते पांच गांवों के प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पांच गांवों का मालिकाना हक दिलवाने के लिए बीड़ क्षेत्र के पांच गांवों की पुरानी संघर्ष समिति ने विधायक चंद्रप्रकाश को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व जिला पार्षद सुरेश कुमार, सुमित कुमार, जगदीश मंत्री, गुरदयाल, रोहतास, राजकुमार, अनुपाल व टेकचंद सहित बहुत से ग्रामीणों ने चंद्रप्रकाश से मुलाकात करके गांव बीड़ बबरान, डिग्गी ताल, जी ब्लॉक चिकनवास (झिड़ी), ढंढूर बीड़ व पीरांवाली का मालिकाना हक दिलवाने की मांग की। इस ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में गंभीरता से कोशिश करेंगे। उन्होंने बताया कि वे पहले भी सरकार के समक्ष यह मांग रख चुके हैं। एक बार फिर पांचों गांवों के ग्रामीणों की आवाज को बुलंद करते हुए इस मांग को सरकार तक पहुंचाकर इसे अमलीजामा पहनाने की कोशिश की जाएगी। पांचों गांवों के संदर्भ में संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि विकास कार्यों के लिए छोटे गांव को 35 एकड़ और बड़े गांव को 50 एकड़ तक पंचायत को भूमि उपलब्ध करवाई जाए। इन सभी गांवों का दोबारा सर्वे करवाकर फिर से पैमाइश की जाए।

## अमेरिका का इतिहास युद्धों से भरा

- 'बेकाबू अमेरिकी अधिनायकवाद व विश्व शांति पर मंडराते खतरे' पर परिचर्चा का आयोजन



**हिसार।** परिचर्चा में हिस्सा लेते डेमोक्रेटिक फोरम के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डेमोक्रेटिक फोरम द्वारा गुरुवार को जवाहर नगर स्थित शहीद सुबे सिंह स्मारक में 'बेकाबू अमेरिकी अधिनायकवाद व विश्व शांति पर मंडराते खतरे' पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें सीआईटीयू के राज्य उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक मुख्य वक्ता रहे। वरिष्ठ श्रमिक नेता एमएल सहगल विशिष्ट अतिथि रहे व फोरम के प्रधान योगेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा संचालन सचिव सत्यवीर सिंह ने किया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता मलिक ने कहा कि अमेरिका का इतिहास युद्धों का इतिहास रहा है। स्वतन्त्र अमेरिका के 240 वर्षों के इतिहास मे केवल 16 वर्ष ऐसे रहे है जिसमें अमेरिका ने कोई युद्ध न लड़ा हो। वर्ष 2001 से 2021 की अवधि में ही अमेरिकन सैनिक अभियानों मे 8 लाख से ज्यादा मौते हुई हैं तीन करोड़ से अधिक लोग बेघर हुए है। अनेक राष्ट्रों ने अपनी सम्प्रभुता व स्वतन्त्रा खोई है तथा पीड़ित राष्ट्र बर्बादी, गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी की मार झेल रहे है। उन्होंने कहा कि पूंजीवादी साम्राज्यवादी देशों मे जनता की हालत खराब है। इन्होंने अपने आर्थिक संकट को टालने के लिए कमजोर राष्ट्रों के संसाधनों तथा खनिज, तेल आदि पर कब्जा व युद्ध के माध्यम से हथियारों की बिक्री की नीति को अपनाया है। परिचर्चा मे दिनेश सिवाच, एडवोकेट विक्रम मित्तल, डॉ.बलजीत भ्यान ने भी विचार व्यक्त किए। जिला स्तर पर 'क्यूबा एकजुटता कमेटी' के गठन का निर्णय लिया गया जो जनता के सहयोग से राहत सामग्री जुटाने का कार्य करेगी।

## वरिष्ठ नागरिकों को हमेशा एक मजबूत और लंबा पासवर्ड बनाना चाहिए : राजू सिंह

- वानप्रस्थ संस्था में साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** हेल्प ऐज इंडिया के ज़ोनल प्रोजेक्ट निदेशक राजू सिंह को पौधा भेंट कर क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब में हेल्प ऐज इंडिया के सौजन्य से साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा की जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए हेल्प ऐज इंडिया के ज़ोनल प्रोजेक्ट निदेशक राजू सिंह ने कहा कि हेल्प एज इंडिया ने अपने देशव्यापी कार्यक्रम, प्रोजेक्ट डिजिटल साक्षरता की शुरुआत की है । यह कार्यशालाएं वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करती है। कार्यशालाओं का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में आवश्यक कौशल प्रदान करना है, जिससे वे इंटरनेट का सुरक्षित रूप से उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के लिए हमेशा एक मजबूत और लंबा पासवर्ड बनाना चाहिए, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

अज्ञात नंबरों की जांच करने के बाद ही कॉल करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधान डॉ. एसके अग्रवाल, महासचिव डॉ. जेके डांग, डॉ. सुनीता जैन समेत क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सरकार ने एचएयू छात्रों के साथ धोखा किया

**हिसार।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गुपचुप तरीके से बिजली के रेटों में चार गुना तक बढ़ोतरी करके जनता की कमर तोडने का काम किया है। पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि जिस गरीब परिवार का बिजली बिल 500 रुपये आता था,



राजेन्द्र सोरखी।

अब उसे लगभग दो हजार रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। इतना ही नहीं, रेट में बढ़ोतरी के साथ गैर जरूरी चार्ज जोडकर जनता की जेबों पर डाका डाला गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को न तो पर्याप्त पानी मिलता है और न ही बिजली उपलब्ध होती है। किसान पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं, अब बिजली के रेट बढने से उनकी हालत और भी खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान सस्ती बिजली उपलब्ध करवाने का वायदा किया था।

## नगर निगम एक जुलाई से चलाएगा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम प्रशासन द्वारा एक से 31 जुलाई तक सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जाएगा। निगम प्रशासन वर्षा के मौसम में बीमारियां बढ़ने का खतरा बना रहता जिसको ध्यान में रखते हुए सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जाएगा। इसमें व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। ऐसे जीव जो संक्रामक रोग फैलाते है। उनकी आबादी खत्म या नियंत्रित करने के लिए नगर निगम विभिन्न रणनीति बनाएगा। इन जीवों में मच्छर, पिस्सु, मक्खियां इत्यादि है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि जीवों से होने वालों रोगों से बचने के लिए शहरवासियों को मुख्यतः छह बातों का ध्यान रखना होगा। स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालियां और जल निकाय तथा स्वच्छ सार्वजानिक स्थान। इस अभियान में शहर के स्कूलों, समाजसेवी संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके अलावा नगर निगम के द्वारा जीवों से होने वाले रोगों से बचाव के लिए नालियों की सफाई, सैकेण्डरी प्वाईंटों की सफाई, फोगिंग इत्यादि के कार्य किए जाएगे।

### शहरवासियों की भागीदारी जरूरी



बरसात के समय बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। इसके लिए नगर निगम द्वारा एक माह के लिए स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम होंगे जिसमें शहरवासियों की भागीदारी आवश्यक है।

\- प्रवीण पोपली, मेयर।

### यह रहेंगे कार्यक्रम

- 1 से 6 तक स्वच्छ हाथ और स्वच्छ घर अभियान।
- 7 से 13 जुलाई तक स्वच्छ पड़ोस अभियान।
- 14 से 20 जुलाई तक स्वच्छ शौचालय अभियान।
- 21 से 27 जुलाई तक साफ नालियां व स्वच्छ जल अभियान।
- 28 से 31 जुलाई तक स्वच्छ सार्वजनिक स्थान अभियान।

### बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का जताया विरोध

**हिसार।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने हरियाणा सरकार द्वारा अप्रैल में बिजली दरों में की गई बढ़ोत्तरी को लेकर कड़ा विरोध जताया है। बिजली दरों में की गई इस बढ़ोत्तरी को लेकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने दावा किया कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में यह शुल्क काफी अधिक है, जिससे विनिर्माण इकाइयों को अंततः पलायन करना पड़ सकता है। राज्य भर के उद्योग निकायों द्वारा बार-बार की गई मांगों और ज्ञापनों पर सरकार की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पहले के विपरीत, सरकारी अधिकारी और यहां तक कि राजनीतिक नेता भी उद्योग की समस्याओं के प्रति उदासीन हो गए हैं। निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ, यह बढ़ोतरी प्रदेश को नुकसान में डाल सकती है और औद्योगिक इकाइयों को धीरे-धीरे कहीं और स्थानांतरित होने को मजबूर कर सकती है।

## लुवास करेगा सम्मेलन की मेज़बानी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) 3 से 5 दिसंबर तक एक भव्य अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन का विषय विज्ञान और समाज को जोड़ते हुए सतत समग्र स्वास्थ्य के लिए जैव प्रौद्योगिकी रहेगा। सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान, समाज और कृषि पशुपालन के बीच एक मजबूत सेतु स्थापित करना है।



**हिसार।** सम्मेलन की सूचना विवरणिका का औपचारिक विमोचन करते लुवास कुलपति प्रो. नरेश जिंदल व अन्य।

इस महत्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा विवि के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) नरेश जिंदल के नेतृत्व में तैयार की गई है, जो सम्मेलन के मुख्य संरक्षक भी हैं। सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में कुलपति सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान प्रो. जिंदल ने सम्मेलन की प्रथम सूचना विवरणिका का औपचारिक विमोचन किया। कुलपति ने कहा कि यह सम्मेलन भारत में पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन के संरक्षक तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, लुवास के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने बताया कि सम्मेलन में पशु चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकों और अनुसंधानों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सम्मेलन की आयोजन सचिव तथा पशु जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान ने जानकारी दी।

## एडीसी ने डीईटीसी एक्साइज को दिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

समाधान शिविर में एडीसी सी जयाश्रद्धा ने सुनी जनसमस्याएं

# रामायण गांव में शराब के ठेके को हटवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं की सुनवाई करतीं अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा न केवल लोगों की समस्याएं सुनीं, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी जारी किए। शिविर में लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्र सिंह रेड्डू की डिफेंस सेक्टर-5 के प्लाट का लेआउट ठीक करवाने तथा कैमरी रोड निवासी सुमन की दुकान का अलॉटमेंट लेटर जारी करवाने की शिकायत पर एडीसी ने एचएसवीपी के अधिकारियों को मामले की जांच कर शिकायतकर्ता की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रामायण की गांव में शराब के ठेके को हटवाने तथा गांव राजपुरा निवासी दिलबाग की गैर कानूनी तरीके से खेतों में खोले गए ठेकों को हटवाने की शिकायत पर डीईटीसी एक्साइज को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उमेद विहार कॉलोनी निवासियों की सीवरेज ठीक करवाने, कूड़े वाली गाड़ी नियमित रूप से भेजने तथा गली नंबर 5 में हैंडपंप की मांग पर एडीसी ने नगर निगम के अधिकारियों को मौका मुआयना कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

लक्ष्मी विहार कॉलोनी के निवासियों की गली में जलभराव की शिकायत पर नगर निगम के अधिकारियों को समस्या के निदान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, डीएसपी संजीव कुमार, नगर निगम एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, मुकेश पत्नी स्व. श्री दारा सिंह निवासी मकान नंबर-310, गांधी डायरी कॉलोनी, हिसार, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरी पुत्री आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बांडा हेड़ी में पंचायती शामलात भूमि के खसरा नं. 211/2-4/32/1, 229, 209/1, 32/3, 211/2-4/30/3 जिसमें स्कूल, जोहड़, बणी व रोड के किनारे, पशु हस्पताल, जलघर इत्यादि जगहों पर लगी मस्कट की झाड़ियां (काबली कीकर) को उखाड़ने की खुली नीलामी 2.7.2025 को प्रात: 11:00 बजे पंचायत घर में करवाई जाएगी जिसकी जमानत राशि बोली शुरू होने से पहले प्रत्येक बोली दाता को 1,00,000/- रुपये जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

सुरेन्द्र पाल, सरपंच
ग्राम पंचायत बांडा हेड़ी हिसार-।।
मो. 9351432518

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने ढाणी चद्दर पुल निवासी पिंकू को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान सूचना मिली थी कि जींद रोड़ फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति अवैध हथियार लिए हुए खड़ा है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर जींद रोड़ फ्लाईओवर पुल के नीचे पहुंचकर सूचना अनुसार बताए गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

### सट्टा खाईवाल करते आरोपी गिरफ्तार, राशि की बरामद

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक व्यक्ति को 28,200 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान मुल्तान कालोनी निवासी अमित के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि अनाज मंडी के समीप एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर सीआईए की टीम ने मौका पर पहुंच मुल्तान कालोनी निवासी अमित उर्फ को 28,200 रुपये सहित गिरफ्तार करके रुपयों को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शहर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** थाना सदर पुलिस ने 12 बोतल अवैध देशी शराब के साथ भाटला निवासी मन्दीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान शक के आधार एक व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास 12 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई आरोपी के पास से बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### बैटरी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने कोचिंग सेंटर से बैटरी चोरी करने वाले आरोपी डेहा बस्ती निवासी शाका को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने 22 जून को दिन के समय बस स्टैंड के समीप स्थित पीडी कैम्पस से एक बैटरी चोरी कर ली थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार उसके पास से चुराई गई बैटरी बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बस स्टैंड से रेलवे लाइन तक बिजली रहेगी बाधित

**उकलाना मंडी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उप मंडल अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि 27 जून से 3 जुलाई तक सुबह 5 से 8 बजे तथा शाम को 2 से 4 बजे तक बस स्टैंड से रेलवे लाइन तक रेलवे पुल निर्माण कार्य कारण बिजली बंद रहेगी। इसमें 24सी बस स्टैंड, जलघर, गुरुद्वारा तथा आसपास के क्षेत्र बाधित रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है।

# गुजवि में सात इंटेग्रेटिड बीएससी-एमएससी कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन, 1390 ने किया था आवेदन, परीक्षा दी कुल 1054 विद्यार्थियों ने

## विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को सात इंटेग्रेटिड बीएससी-एमएससी कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। विश्वविद्यालय के चार परीक्षा केंद्रों पर हुई इस प्रवेश परीक्षा में कुल 1054 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार व कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर ने परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा का संचालन निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से किया गया है।

**पहली काउंसलिंग 2 जुलाई को होगी**

अंडर ग्रेजुएट कोर्सिज के समन्वयक प्रो. आरएस कुंडू ने बताया कि इंटेग्रेटिड बीएससी (फिजिकल साइंसिज)-एमएससी फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथेमेटिक्स, इंटेग्रेटिड बीएससी (लाइफ साइंसिज)-एमएससी बायोटेक्नोलॉजी/ माइक्रोबायोलॉजी/ बोटनी/ जूलॉजी/ कैमिस्ट्री, इंटेग्रेटिड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी कंप्यूटर साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा सांइस), इंटेग्रेटिड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी कंप्यूटर साइंस (साइबर सिक्योरिटी) तथा इंटेग्रेटिड बीएससी/बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी मेडिकल ईमेजिंग टेक्नोलॉजी कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इन कोर्सों में दाखिले के लिए कुल 1390 विद्यार्थियों ने आवेदन किया गया था। लगभग 68 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। इस परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इन कोर्सों में दाखिले के लिए पहली काउंसलिंग 02 जुलाई को होगी।



हिसार। प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर। *फोटो: हरिभूमि*

## गुजवि के 10 विद्यार्थियों का एचडीएफसी बैंक में चयन



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एचडीएफसी बैंक के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के दस विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए कार्यक्रम के 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अंजलि गुप्ता तथा डॉ. कोमल ढांडा को विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद किया।

## मंडलायुक्त ने युवाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

# युवा शक्ति ठान ले तो हर बुराई को जड़ से किया जा सकता है खत्म : अशोक गर्ग

### जिले में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जन-जागरुकता कार्यक्रम, युवाओं को दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त युवा-खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा की अध्यक्षता मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने की। मंडलायुक्त ने नई अनाज मंडी से कैंप चौक तक निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ एकजुट हों और स्वस्थ, सुरक्षित तथा समर्पित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कहा कि अगर युवा शक्ति अगर ठान ले तो समाज से हर बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकता है। यात्रा में गोल्ड मेडलिस्ट बॉक्सर स्वीटी बूरा, पर्वतारोही मीनू कालीरामण, डॉ संदीप डांगी, स्कूल-कॉलेजों के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस कर्मचारी, सीमा सुरक्षा बल के जवानों, आम नागरिक इत्यादि ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इससे पूर्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस पर जिले जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक जिला समाज कल्याण अधिकारी धर्मवीर पानू द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन कार्यालय से नागोरी गेट-अग्रसेन चौंक-रेड स्क्वेयर मार्केट तक पैदल यात्रा का आयोजन किया गया।



हिसार। कार्यक्रम के दौरान जनसमूह को नशा न करने की शपथ दिलाते मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग। *फोटो: हरिभूमि*

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने कहा नशा कोई अपराध नहीं बल्कि एक मानसिक बीमारी है, जिसका इलाज संभव है। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ शालू, डॉ सुशील गर्ग, डॉ प्रभुदयाल व डॉ अनिल आहूजा ने भी विचार साझा किए। इस मौके पर डॉ उत्कर्षा, महेंद्र लखान, बलराज, कुलदीप, बबली, हवा सिंह, टीना, रिटा, प्रतिभा, भावना, प्रिया, मनीषा, नर्सिंग छात्राएं सहित अनेक गणमान्य नागरिक, स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।




हिसार। जागरुकता रैली निकालती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

**छात्राओं ने नशा न करने के लिए किया जागरूक**

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ और एनसीसी के संयुक्त सौजन्य से 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत 'जीवन को हां, नशे को ना' विषय पर छात्राओं व उनके परिजनों को ई-प्लैज लेने के लिए प्रेरित किया। सेक्टर-14 की झुग्गियों में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ नोडल ऑफिसर डॉ. कैलाश, एनसीसी इंचार्ज बबीता रानी तथा कैडेट बार्बी ने नशा न करने के लिए जागरूक किया। गुरुवार को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट टैफिकिंग मनाया गया। इसमें डॉ. कैलाश ने बताया कि यह दिवस नशीली दवाओं के दुरूपयोग और लत के लोगों के जीवन पर होने वाले गंभीर प्रभाव को पहचानने के लिए मनाया जाता है। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने छात्राओं को नशा जागरूकता रैली के दौरान सम्बोधित करते हुए बताया कि नशा एक दीमक की तरह है जो समय से पहले ही जीवन लीला को समाप्त कर रहा है।



हांसी। नशा विरोधी दिवस पर आईटीआई छात्रों व ग्रामीणों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। *फोटो: हरिभूमि*

# छात्रों को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ

- नशा विरोधी दिवस पर आईटीआई में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित
- नशामुक्त गांव बनाने वाली पंचायतों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई के सैकड़ों छात्र छात्राओं को नशा छोड़ने और कभी नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर एसपी अमित यशवर्धन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। यदि वे नशे जैसी बुरी लतों से दूर रहेंगे, तो समाज स्वतः ही मजबूत और स्वस्थ बनेगा। कार्यक्रम में उन ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने गांवों में नशे के खिलाफ अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**नशामुक्त समाज के लिए रैली निकाली**

कार्यक्रम के अंत में आईटीआई के सभी छात्रों, स्टाफ सदस्यों और पंचायत प्रतिनिधियों ने मिलकर नशामुक्त समाज के लिए रैली भी निकाली। रैली को पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएसपी राज सिंह, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स,सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार, आईटीआई स्टाफ तथा विभिन्न गांवों के पंच-सरपंच मौजूद रहे।

# क्वार्टर को देख आंखों में छलक आए आंसू

- नेशनल हेल्थ मिशन के डिप्टी डॉयरेक्टर भोंसले पहुंचे अस्पताल के औचक निरीक्षण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना मंडी

कहावत है कि जब बेटे को मां की गोद मिलती हैं तो उसे एक अजीब सा सूकून मिलता है। ऐसा ही एक दृश्य शहर के सरकारी अस्पताल में देखने को मिला जब इस अस्पताल में पला बढ़ा बालक सुरेश भौंसले 22 वर्ष के अंतराल के बाद नेशनल हेल्थ मिशन के डिप्टी डॉयरेक्टर के रुप में निरीक्षण के लिए इसी अस्पताल में पंहुचा।

उनके साथ मिशन के डॉ. चंद्र शेखर भी थे। डॉ. भौंसले का यह दौरा हांलाकि एक विभागीय ड्यूटी का हिस्सा था मगर जैसे ही अस्पताल में सेवारत अटेंडेंट कृष्ण सेन ने स्टाफ को जानकारी दी कि हमारे साहब का बचपन इसी अस्पताल में गुजरा है तो उपस्थित स्टाफ ने माहौल को घर जैसा बना दिया। परिजनों जैसा स्टाफ से दुलार मिलने पर डॉ. भोंसले भावुक हो गए। उन्होंने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और उस कवार्टर में भी गए जहां उनका बचपन गुजरा था। घर को देख उनकी आंखों में पानी भी छलक आया। डॉ. भौंसले के पिता तेलूराम एवं माता फूली देवी इसी अस्पताल में सेवारत थे।



उकलाना। अस्पताल में निरीक्षण करते डॉ. सुरेश भौंसले। *फोटो: हरिभूमि*

# नर्सिंग ऑफिसर और चिकित्सकों को लगाई फटकार

- एनएचएम डायरेक्टर ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा
- निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए गुरुवार को तीसरे दिन नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के डायरेक्टर डॉ. विरेंद्र यादव ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई जगहों पर खामियां मिली, जिन्हें उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को जल्द से जल्द दूर करने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान डायरेक्टर ने वहां दाखिल मरीजों से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर स्वयं जानकारी ली। इतना ही नहीं डायरेक्टर ने निरीक्षण में नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टर्स की कार्यकुशलता को भी जाना। डायरेक्टर ने आपातकालीन कक्ष में नर्सिंग ऑफिसर को मरीज की ईसीजी करने को कहा, लेकिन वह कर नहीं पाई।



हिसार। नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को जायजा लेती टीम।

**नाराजगी**

डायरेक्टर ने आपातकालीन कक्ष में नर्सिंग कक्ष का अलग से न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आदेश दिए कि नर्सिंग के लिए अलग से एक शीशे का कक्ष बनाया जाए। वहीं डॉक्टर रूम का एसी न चलने पर भी उसे तुरंत प्रभाव से ठीक रकने के आदेश दिए।

## एसडीएम ने शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए निर्देश

# दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए चलेगा अभियान

- अभियान में नप, पशुपालन, पुलिस तथा लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को शामिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि बेसहारा पशुओं की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इसमें नगर परिषद, पशुपालन, पुलिस तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। एसडीएम खोथ गुरुवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संयुक्त रूप से चलाए जाने वाले इस अभियान में शामिल चारों विभागों की अलग-अलग जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएगी। जिस विभाग के अधिकारी या कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही बरतेगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बेसहारा पशुओं को पकड़ कर निर्धारित स्थानों पर पहुंचने के कार्य में तेजी लाए। जिस एजेंसी को पशुओं को पकड़ने के लिए ठेका दिया गया है उसे निर्देशित करें कि वह अपने संसाधनों को और बढ़ाएं।

**केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हड़ताल की तैयारी के लिए कन्वेंशन आयोजित**

**हांसी।** केंद्र सरकार के नीतियों के खिलाफ ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की कन्वेंशन सब यूनिट प्रधान रणजीत सैनी की अध्यक्षता में सब अर्बन कार्यालय के सामने आयोजित की गई। कन्वेंशन का संचालन सचिव सुमित मित्तल ने किया। कन्वेंशन में सब अर्बन, सीटी हांसी, उमरा व सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य शामिल हुए और केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्य वक्ता चैयरमेन देवेंद्र सिंह हुड्डा तथा राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पूरे देश के बिजली ढांचे को बड़े पूंजी पतियों के हाथों में सोंपने का काम कर रही है। उन्हें सस्ते दामों पर बड़े मुनाफे के लिए अपनी चहेती कम्पनियों को जनता व कर्मचारी के विरोध के बावजूद भी जबरदस्ती सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई हड़ताल की तैयारी में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 2-3 जुलाई को पूरे जिले हिसार में सभी विभागों में प्रचार करेंगें और 4 जुलाई को सभी ब्लॉकों में मिलकर मोटरसाइकिल जुलूस निकालेंगे। कन्वेंशन को राज्य उप प्रधान जगमिंदर पुनिया, सूबे सिंह कादियान, सचिव दलीप सोनी,पूनम कूंडू, अशोक नेहरा, रविंद्र शर्मा, सोमबीर मोर, कश्मीरी लाल ग्रोवर,सुरेंद्र हुड्डा, जोनी कुमार, विनोद दूहन, अमरजीत यादव, अनिल चौहान, राजेश सैनी आदि कर्मचारी मौजूद थे।

### राष्ट्र सेवा से जुड़ता है गोमाता की सेवा करने वाला : राजेंद्रानंद

**उकलाना मंडी।** गौ ऋषि राजेंद्रानंद महाराज ने गौ सेवा को राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा हुआ बताया है। उन्होंने कहा कि जो गाय माता की सेवा करता है वह राष्ट्रभक्ति से भी जुड़ जाता है।

स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज श्री कृष्ण गौशाला प्रबंधन कमेटी की ओर से आयोजित श्री धेनु मानस कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौ सेवा करने से राष्ट्र का निर्माण होता है, हमारा देश धर्म संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास गोयल, गौशाला प्रबंधक कमेटी के प्रधान अभेराम मंगला, महेश बंसल, रोशन मित्तल, जगदीश गोयल, मदन कालड़ा, निहाल सिंह बरड़, दीपक बठला, रामकुमार गोयल, सुगन गोयल, रामप्रताप बिंदल, बलवान धायल, राजेश धलोईया, प्यारेलाल डूडी, रामकुमार गोदारा, तुलसीराम वर्मा, अमर सिंह डूडी, राममिलन शर्मा, श्याम सुंदर बंसल, राकेश मंडा, मनोहर लाल शर्मा, सज्जन मित्तल, हनुमान भादू, सतनारायण गर्ग, रामविलास गोयल, राजेंद्र महिपाल, मनी सिंह, आदि मौजूद थे।

